दैनिक

# क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 04
अंकः-109
मुरादाबाद
(Thursday)
08 August 2024
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


## सीएम योगी बोले- पड़ोसी मुल्कों में हिंदुओं को खोज कर मारा जा रहा है, हमें सनातन के लिए एक होना होगा



अयोध्या के संतों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से राम मंदिर आंदोलन के महानायक रामचंद्र दास परमहंस के नाम से चौराहा बनाने और वहां उनकी मूर्ति स्थापित करने की मांग की।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बांग्लादेश में मची उथलपुथल और वहां अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार पर बांग्लादेश का नाम लिए बिना कहा कि आज पड़ोसी मुल्कों में हिंदुओं को खोज कर मारा जा रहा है। मठ और मंदिर तोड़े जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें इतिहास से सीख लेनी होगी और सनातन की रक्षा के लिए एक होना होगा।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को दिगंबर अखाड़े में राम मंदिर आंदोलन के महानायक रामचंद्र दास परमहंस की मूर्ति का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि रामजन्मभूमि के लिए उनका पूरा जीवन समर्पित था। उन्होंने अपने जीवन को राम मंदिर के लिए मिशन बनाया। परमहंस की मूर्ति को देख ऐसा लगा कि अभी कुछ बोलने वाले हैं। मुझे मूर्ति स्थापना का सौभाग्य प्राप्त हुआ।उन्होंने कहा कि गोरक्षपीठ और दिगंबर अखाड़ा एक-दूसरे के पूरक रहे हैं। तत्कालीन महंत दिग्विजय नाथ के सानिध्य में आंदोलन में अग्रणी रहे। आज अयोध्यावासियों को पूरे देश में सम्मान मिल रहा , सम्मान मिलता नहीं सम्मान सुरक्षित करना होगा।सीएम ने कहा कि संतों की पहचान यही है। रहे होंगे कि मेरा संकल्प पूरा हुआ, उनका आशीर्वाद पीएम नरेंद्र मोदी को भी प्राप्त हुआ। राम मंदिर आंदोलन के यज्ञ की पूर्णाहुति में उनका आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। आत्मा अजर अमर है। उसको कोई मार नहीं सकता है। परमहंस जी वापस दिगंबर अखाड़ा में विराजमान हो गए हैं। परमहंस महराज जी मेरे गुरु के गुरु थे। मेरे गुरु हमेशा यह जानना चाहते थे कि परमहंस जी कैसे थे। उनकी सरलता के कारण कोई नहीं जान सकता था कि वो कितने बड़े नेतृत्वकर्ता हैं, कितने बड़े गुरु हैं, कितने चमत्कारी हैं। मूल्य और आदर्श के लिए परमहंस जी हमेशा डटे रहे। दुनिया की तस्वीर वर्तमान में देख रहे होंगे।इतिहास से सीख लेनी होगी- सीएम योगी आदित्यनाथ ने बांग्लादेश का नाम लिए बिना कहा कि आज पड़ोसी मुल्कों में हिंदुओं को खोज कर मारा जा रहा है। मठ और मंदिर तोड़े जा रहे हैं। हमें इतिहास से सीख लेनी होगी, एक होकर संकल्प के साथ काम करना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व अभिनेत्री ममता कुलकर्णी के खिलाफ ड्रग्स मामला तुच्छ और अफसोसजनक, HC ने रद्द की एफआईआर

न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने 22 जुलाई को दिए एक आदेश में कहा कि उनकी यह स्पष्ट राय है कि ममता कुलकर्णी के खिलाफ जुटाए गए सबूतों से उनके खिलाफ कोई अपराध नहीं बनता है।बॉम्बे हाईकोर्ट से पूर्व बॉलीवुड अभिनेत्री ममता कुलकर्णी को ड्रग्स से जुड़े एक मामले में बड़ी राहत मिली है। अदालत ने उनके खिलाफ 2016 में दर्ज ड्रग तस्करी मामले को खारिज कर दिया है।

हाईकोर्ट ने कहा कि कुलकर्णी के खिलाफ कार्यवाही स्पष्ट रूप से तुच्छ और अफसोसजनक है। इस मामले में सुनवाई जारी रखना अदालत की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा। 22 जुलाई को दिया था आदेश- न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने 22 जुलाई को दिए एक आदेश में कहा कि उनकी यह स्पष्ट राय है कि कुलकर्णी के खिलाफ जुटाई गई सामग्री से प्रथम दृष्ट्या उनके खिलाफ कोई अपराध नहीं बनता है। बता दें, आदेश की एक प्रति बुधवार को उपलब्ध कराई गई।

पर्याप्त सबूत नहीं- हाईकोर्ट ने ममता कुलकर्णी के खिलाफ चल रहे है 2000 करोड़ के ड्रग तस्करी के मामले को रद्द कर दिया है। पूर्व अभिनेत्री पर अपने पति विक्की गोस्वामी के साथ ड्रग्स तस्करी करने का आरोप लगाया था। कोर्ट ने कहा कि ममता के खिलाफ पर्याप्त सबूत नहीं है। इस वजह से इस केस को बंद किया जाता है। पीठ ने कुलकर्णी के खिलाफ ड्रग्स केस को रद्द कर दिया है।

## अयोध्या दुष्कर्म मामला: प्रतिनिधिमंडल से मिले सीएम योगी, बोले- पीड़िता व परिवार की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या दुष्कर्म मामले में एक सामाजिक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और पीड़िता व उसके परिजनों की सुरक्षा के लिए आश्वस्त किया।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या दुष्कर्म मामले की पीड़िता और उसके परिजनों की सुरक्षा हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार पूरी सक्रियता और संवेदनशीलता के साथ पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री बुधवार को एक सामाजिक प्रतिनिधिमंडल से मिले। उन्होंने सोशल साइट एक्स पर दिए बयान में कहा है कि आज श्री अयोध्या धाम में भदरसा क्षेत्र की नाबालिग पीड़िता प्रकरण के विषय में एक सामाजिक प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की।आश्वस्त रहें, पीड़िता को हर स्थिति में न्याय दिलाने हेतु हम प्रतिबद्ध हैं। पीड़िता और उसके परिवार की सुरक्षा हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। आपकी सरकार पूरी सक्रियता और संवेदनशीलता के साथ पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। मानवता को शर्मसार करने वाली इस घटना के दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या दौरे पर हैं। बुधवार को नगर में उन्होंने अयोध्या आंदोलन के महानायक महंत परमहंस रामचंद्र दास जी महाराज की मूर्ति का अनावरण किया।



## बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों को निशाना बनाए जाने के खिलाफ मानवाधिकार संगठन ने उठाई आवाज, दी हिदायत

ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल बांग्लादेश ( टीआईबी ) ने सत्ता परिवर्तन के महत्वपूर्ण दौर में अल्पसंख्यकों के घरों, पूजा स्थलों, मंदिरों और व्यवसायों पर हमलों सहित जिलों में सांप्रदायिक हिंसा की घटनाओं की कड़ी निंदा की। बांग्लादेश में हिंसा का दौर अभी भी जारी है। शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने और देश छोड़ने के बाद भी प्रदर्शनकारी सड़कों पर डटे हुए हैं। हालात इतने बदतर हो गए है कि देश में अल्पसंख्यकों के घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया जा रहा है। इसी को लेकर ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल बांग्लादेश ने अधिकारियों से हिंसा प्रभावित देश में अल्पसंख्यकों और सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। उसने अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों को छात्र आंदोलन की मूल भावना के खिलाफ करार दिया है।मरने वालों की संख्या 400 के पार- यहां हिंसा में मरने वालों की संख्या बढ़कर 440 हो गई है। वहीं, राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने मंगलवार को संसद भंग कर दी और 84 वर्षीय नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस को आगामी अंतरिम सरकार का प्रमुख नियुक्त किया। वहीं, ढाका में समुदाय के दो नेताओं के अनुसार, कई हिंदू मंदिरों, घरों और व्यवसायों में तोड़फोड़ की गई है और हसीना की अवामी लीग पार्टी से जुड़े कम से कम दो हिंदू नेता हिंसा में मारे गए हैं। राहुल आनंद के घर को बनाया निशाना- डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, लोकप्रिय लोक बैंड जोलर गान के फ्रंटमैन राहुल आनंद के आवास पर सोमवार को बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ और तोड़फोड़ की गई, जिसके बाद गायक और उनके परिवार को एक गुप्त स्थान पर शरण लेनी पड़ी। मीडिया रिपोर्ट में जोलर गान से जुड़े लोगों में से एक सैफुल इस्लाम जरनल के हवाले से बताया गया कि राहुल और उनका परिवार पूरी तरह से हिल गया है। उन्होंने एक गुप्त जगह पर शरण ली है। हम अभी तक उनसे संपर्क नहीं कर सके हैं।% तीन हजार से अधिक संगीत वाद्ययंत्रों को जलाया- जरनल ने आगे कहा, %यह उनका घर नहीं था। वह दशकों से किराये के घर पर रह रहे थे। पहले भीड़ ने घर का मुख्य द्वार तोड़ दिया। उसके बाद फर्नीचर, शीशे से लेकर कीमती सामान तक जो कुछ भी ले जा सकते थे, बाहर निकाल लिया। उसके बाद उनके घर पर तोड़फोड़ शुरू कर दी। फिर राहुल आनंद के संगीत वाद्ययंत्रों के साथ पूरे घर को आग लगा दी।

## अखिलेश ने की विनेश के फाइनल से अयोग्य होने पर जांच की मांग; करणभूषण बोले- फेडरेशन करेगा विचार

पेरिस ओलंपिक 2024 में महिला कुश्ती 50 किग्रा स्पर्धा के फाइनल मुकाबले से पहले पहलवान विनेश फोगाट को तगड़ा झटका लगा है। उन्हें अधिक वजन के कारण फाइनल मुकाबले से पहले अयोग्य घोषित कर दिया गया है। भारतीय ओलंपिक संघ ( आईओए ) ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि विनेश फोगाट को वजन ज्यादा होने की वजह से अयोग्य घोषित कर दिया गया है। वहीं, इसके बाद देश में मायूसी की लहर दौड़ गई है। विभिन्न राजनेताओं ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पोस्ट कर विनेश फोगाट का हौंसला बढ़ाया है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने पीटी ऊषा से इस बारे में जानकारी मांगी है। पीएम ने दी प्रतिक्रिया - विनेश फोगाट के अयोग्य घोषित होने पर पीएम मोदी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने ट्वीट कर फोगाट को चैंपियन बताया है। पीएम ने लिखा, 卐विनेश आप चैंपियनों में चैंपियन हैं! आप भारत का गौरव हैं और हर भारतीय के लिए प्रेरणा हैं। आज की असफलता दुख देती है। काश मैं शब्दों में उस निराशा को व्यक्त कर पाता जो मैं अनुभव कर रहा हूं। साथ ही, मैं जानता हूँ कि आप लचीलेपन की प्रतिमूर्ति हैं। चुनौतियों का सामना करना हमेशा से आपका स्वभाव रहा है। और मजबूत होकर वापस आओ! हम सब आपके लिए प्रार्थना कर रहे हैं।卐पीएम ने पीटी उषा से की बात- समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, पीएम मोदी ने भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा से इस मुद्दे पर चर्चा की उनसे इस मुद्दे पर प्रत्यक्ष जानकारी मांगी तथा विनेश की हार के बाद भारत के पास क्या विकल्प हैं, इस बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने विनेश के मामले में मदद के लिए सभी विकल्पों पर विचार करने को कहा। उन्होंने पीटी उषा से विनेश की मदद के लिए उनकी अयोग्यता के बारे में कड़ा विरोध दर्ज कराने की भी बात कही। अखिलेश यादव ने की जांच की मांग-वहीं, सपा प्रमुख और लोकसभा सांसद अखिलेश यादव ने इस पर प्रश्नचिन्ह खड़े किए। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि विनेश फोगाट के फाइनल में न खेल पाने की चर्चा के तकनीकी कारणों की गहरी जांच-पड़ताल हो और सुनिश्चित किया जाए कि सच्चाई क्या है और इसके पीछे की असली वजह क्या है। करण भूषण सिंह ने कहा- फेडरेशन करेगा विचार- भारतीय पहलवान विनेश फोगाट को पेरिस ओलंपिक से अयोग्य ठहराए जाने पर भाजपा सांसद करण भूषण सिंह ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह देश के लिए क्षति है। फेडरेशन इस पर विचार करेगा और देखेगा कि क्या किया जा सकता है। बता दें कि करण भूषण सिंह कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के बेटे हैं। शशि थरूर बोले- ये दुखद- वहीं, भारतीय पहलवान विनेश फोगाट को अधिक वजन के कारण महिला कुश्ती 50 किलोग्राम वर्ग से अयोग्य घोषित किए जाने पर कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि विनेश फोगाट यहां तक पहुंची। उन्होंने वर्ल्ड नंबर-1 पहलवान को हराया। पूरे देश में खुशी की लहर थी। ये खबर दुखद है। विनेश ने जो मेहनत की थी उसका फल उसे नहीं मिला। लोकसभा में भी उठा सवाल- वहीं, भारतीय पहलवान विनेश फोगाट को पेरिस ओलंपिक में कुश्ती के फाइनल मुकाबले से अयोग्य ठहराने का मुद्दा बुधवार को लोकसभा में गूंजा। विपक्षी सांसदों के सवालों पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि केंद्रीय खेल मंत्री आज दोपहर 3 बजे इस मामले पर बयान देंगे।



## राहुल ने लोकसभा में उठाया वायनाड भूस्खलन का मुद्दा, राष्ट्रीय आपदा घोषित करने-मुआवजा बढ़ाने की मांग की

वायनाड के पूर्व लोकसभा सदस्य राहुल गांधी ने इस आपदा की स्थिति पर केंद्र सरकार, राज्य सरकार, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना, नौसेना, तटरक्षक, जिला प्रशासन, वन विभाग और दमकल विभाग के बचाव और राहत कार्यों की प्रशंसा की।कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने लोकसभा में 30 जुलाई को केरल के वायनाड में आए भूस्खलन का मुद्दा उठाया। उन्होंने केंद्र से इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित करने, लोगों को दिया जाने वाला मुआवजा बढ़ाने तथा समग्र पुनर्वास पैकेज प्रदान करने की मांग की। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शून्यकाल में इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि वायनाड में पीड़ितों की मदद के लिए विभिन्न समुदाय के लोग आगे आए, जिसे देखकर अच्छा लगा। वायनाड भूस्खलन को लेकर लोकसभा में राहुल गांधी ने कहा, 卐मैंने अपनी बहन ( प्रियंका गांधी वाड्रा ) के साथ कुछ दिन पहले वायनाड का दौरा किया और अपनी आंखों से आपदा के बाद भयावह विनाश और पीड़ा के मंजर को देखा। करीब दो किलोमीटर तक पहाड़ ढह गया और चट्टानों एवं गाद का अंबार लग गया। उन्होंने आगे बताया कि इस आपदा में 300 से अधिक लोगों की जान चली गई और अभी भी बड़ी संख्या में लोग लापता हैं। राहुल गांधी ने केंद्र, राज्य सराकर और बचाव कर्मियों की सराहना की- वायनाड के पूर्व लोकसभा सदस्य राहुल गांधी ने इस आपदा की स्थिति पर केंद्र सरकार, राज्य सरकार, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना, नौसेना, तटरक्षक, जिला प्रशासन, वन विभाग और दमकल विभाग के बचाव और राहत कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने तमिलनाडु, कर्नाटक तथा तेलंगाना राज्यों की ओर से की गई मदद की भी सराहना की। राहुल गांधी ने आगे कहा, यह देखकर अच्छा लगा कि विभिन्न समुदाय के लोग पीड़ितों की मदद के लिए आगे आए। भूस्खलन के कारण मुख्य मार्ग कटने से बचाव दलों को आपदा प्रभावित स्थानों तक पहुंचने में दिक्कतों का भी सामना करना पड़ा। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा, यह बहुत बड़ी आपदा थी। इसलिए मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि वायनाड के लिए समग्र पुनर्वास पैकेज में सहयोग करे, जिसमें आपदा से निपटने के लिए अवसंरचना निर्माण और प्रभावित समुदायों की मदद शामिल हो। मैं केंद्र सरकार से यह अनुरोध भी करता हूं कि पीड़ितों को जो मुआवजा दिया जा रहा है, उसे बढ़ाया जाए और वायनाड भूस्खलन की घटना को राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जाए। वह वायनाड के लोगों की बात उठाने के लिए इस सदन को भी धन्यवाद देते हैं। 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।



## संपादकीय Editorial

# Date of 5th August

5th August, 2019 was a historic date. On the instructions of Prime Minister Modi, Article 370 was abolished in Jammu and Kashmir. Its 'special status' was also rejected. After 1954, this decision was taken by the Parliament with an overwhelming majority. The Supreme Court has given its verdict on this issue, yet a section of the Congress is claiming that Article 370 still exists. However, under Article 3 of the Constitution, the Parliament, using its special powers, abolished the 'statehood' of Jammu and Kashmir and made it a Union Territory. Ladakh was separated from Jammu and Kashmir and given the form of another Union Territory. Now that the date of 5th August, 2024 has passed, the heartbeat of elections has started being heard in Jammu and Kashmir. Prime Minister Modi has said that elections will be held in Jammu and Kashmir as soon as possible and an elected assembly will be in front, but the question is whether the statehood of Kashmir will be restored or not? Will the assembly work under the rule of the Lieutenant Governor? Will Jammu and Kashmir also have to do half-hearted work like Delhi? The Lieutenant Governor has completed a four-year term after the abolition of Article 370. He has talked about elections in an interview, but has also talked about the balance between the Lieutenant Governor and the Assembly, but he is still silent on statehood. However, on August 5, 2024, another controversial information has come from within the Modi government that the government is going to introduce the Waqf Board Amendment Bill in Parliament. The cabinet has discussed it and the decision is unanimous. The government wants to verify the lakhs of properties of the Waqf Board spread across the country. The properties are said to be worth about Rs 10 lakh crore. Through the proposed bill, the Modi government is in favor of appointing 2 women each as members in each board and trust. That is, the government has almost decided to make a dent in another Islamic matter. When the bill on Waqf Board will be introduced in Parliament, its details will be clear. We will be able to explain on that basis, but Muslim leaders and maulanas have already started shouting. In this way, the date of 5th August has become a historic date for constitutional, social, federal and legal changes. The purpose for which Article 370 was repealed in Jammu and Kashmir and the elected assembly was dissolved has not been achieved 100 percent, but the existence of terrorism and separatism in the Kashmir valley has almost been destroyed. Although terrorism has shifted to Jammu division, it is not that influential. Only a handful of terrorists are left. They are completely pro-Pak. Security forces are continuously running operations against them. The forests of Jammu have given them shelter, but wherever the rats have entered the burrow, they will be killed there, this is the resolve of our operations. Anyway, some figures are worth noting, which confirm the changed Kashmir. Now all the important institutions like schools, colleges, hospitals, businesses are working continuously. The major projects of the Prime Minister's Development Package have been completed or are on the verge of completion. There has been an investment of about Rs 6000 crore at the ground level. After becoming a Union Territory, about 34 lakh tourists came in 2020. In 2023, this number increased to 2.11 crore. If we look at the level of security and sociality, there is enough peace and stability in Jammu and Kashmir now, so development is also taking place. Infiltration from Pakistan still continues, because the international division is such. China is also helping Pakistan, as a result terrorism is getting shelter. This is a serious challenge for the new Kashmir.

# The purity of examinations should be ensured, attention will also have to be paid to school-college examinations

Education System In India Today, there are many educational institutions in the country which have become mere factories of education and which produce more of 'substandard goods'. Barring exceptions, their operators get direct and indirect protection of all those people who have the constitutional responsibility of providing malpractice-free education and examination. To stop the chain of question paper leaks, along with the central government, eight state governments have also made laws related to it. Recently, the Bihar government has also passed the Bihar Public Examination (Unfair Means Prevention) Bill. This is commendable and timely. The problem of malpractice in general and recruitment examinations is nationwide. It was necessary that along with the central government, the state governments also take concrete steps towards stopping it. Apart from recruitment examinations, concrete work should be done towards stopping malpractice in general examinations as well, only then the new laws will be effective. It is not a coincidence that Hazaribagh and Patna were the centers of question paper leak in NEET. Bihar's anti-paper leak law also provides for a sentence of up to ten years and a fine of one crore rupees. This will create more fear among those who violate the law. Earlier, an anti-cheating law was made in Bihar in 1981. Under that, there was a provision of six months' imprisonment and a fine of two thousand rupees. That law did not prove to be effective at all. Under the new law made by Bihar, the cases filed will be investigated by DSP level officers. There was no such provision in the old law. The Bihar government will be able to get the paper leak case investigated by any other agency other than Bihar Police. The institutions on whose competitive examinations this law of Bihar will be applicable include Bihar Public Service Commission, Bihar State University Service Commission, Bihar Staff Selection Commission, Bihar Police Subordinate Services Commission, Central Constable Selection Board, Bihar Technical Service Commission. All this is fine, but the question is whether the ongoing malpractice in recruitment examinations can be completely stopped without making school-college and university level examinations free from malpractice? This question is not just before Bihar, but before all the states. After all, in how many states of the country are quality education and examinations being conducted in schools and universities today? Without improving education and examinations, how many well-educated candidates will be available for recruitment examinations? Therefore, as a next step, the state governments will have to take effective steps to clean up the mess that is going on there. Whatever steps have been taken in this direction so far have failed. From time to time, attempts were made in many states to conduct true examinations and true studies, but vested interests foiled them. Those elements have not weakened even today. It is expected that the governments should use their strong willpower to free examinations at every level from malpractice. The decline in education and examinations of many states of North India and especially Bihar had already started, but by 1995, its condition in Bihar had become so pathetic that many state governments had refused to accept the certificates issued by the Bihar Inter Council. In many cases, fake mark sheets and certificates had also started being issued. Tired of that situation, a PIL was filed in Patna High Court. The High Court ordered that the District Magistrate and Divisional Commissioner would be responsible for conducting malpractice-free examinations. As a result, in 1996, Bihar conducted malpractice-free matriculation and intermediate examinations. In the 1996 intermediate science examination, only 15 percent of the candidates were able to pass. In Patna district, only 16 percent of the candidates were able to pass the matriculation examination. More or less the same result was seen in other districts. As a result, there was a shortage of students for admission in colleges. It was not an easy task to uproot the education mafia. They got an unofficial assurance from the government that there would be no strictness in future examinations. On this front, the education mafia finally won and started malpracticing in examinations with double enthusiasm. It is unfortunate that today the condition of education and examination in Bihar has become the same as it was in 1995. What should have happened was that strictness should have continued in the examinations. This was necessary for the improvement in education and examination, but those who were once called education mafia by the education minister, the same people used such tricks that malpractice started again. In the years after the strictness of 1996, malpractice was allowed so much that once, a student who had stood first in the entire state in the board examination of Bihar, could not even pass one semester after enrolling in a higher class in Delhi. The education sector across the country has become such an 'industry' in which there is no loss. This industry requires not only modern technology but also high level public relations. Late Professor Nageshwar Prasad Sharma has mentioned a 'factory' related to this industry in his book 'Inter Council Ek Haqiqat'. When the result of the intermediate examinees of that little known factory i.e. college was checked in a particular year, it was found that out of a total of 477 examinees, 461 candidates passed the examination in first division. When this matter was investigated, it was found that in reality only three students had got first division. Today, many educational institutions in the country have become mere factories of education and produce mostly inferior goods. Apart from exceptions, their institutions are not very efficient. The boys receive direct and indirect protection from all those who have the constitutional responsibility to provide malpractice-free education and examinations.

# Time to give a strong reply to Pakistan, terrorism will have to be reined in

Terrorism In India The Pakistani army is now facing challenges at the local level. After its deception is over, how will it be able to control the democratic parties of Pakistan? With the Kashmir issue no longer being controversial, who will be able to stop Pakistan from the feared scenario of civil war, glimpses of which have already started appearing in the Pathan and Baloch regions. It has been five full years since Jammu and Kashmir was freed from Article 370 and 35A. After this historic change, the qualitative change in the environment of Jammu and Kashmir has sidelined separatism and raised possibilities related to development and employment. By pushing family politics to the margins, a new development-oriented leadership has started emerging. After the bumper voting in the Lok Sabha elections, Pakistan is apprehensive that if the same happens in the assembly elections as well, it will be considered that the Kashmiri people have decided to move forward by linking their future with India. Naturally, Pakistan is not liking this positive change in the state. This is the reason why it has started sharpening terrorism here. There are reports that Pakistan is plotting a major infiltration in the state. It is being said that a unit of six hundred SSG commandos has been brought to Muzaffarabad. In this connection, the name of their commanding officer Saeed Salim Janjua has also come up. Just a few days ago, after attacking a bus of pilgrims in Reasi, Jammu, the terrorists attacked the army forces in Kathua and Doda. The attack by coming so deep inside the Indian border clearly shows that the terrorists are highly trained. The Indian government has taken cognizance and removed the top officials of the BSF. Since Jammu and Kashmir is no longer an international issue, Pakistan's aim is to raise it afresh on the international scene in any way. Pakistan has also got the support of China. Due to the kindness of America, the financial help received from the IMF has also given some relief to the Pakistani economy. The apparent aim of America's love for Pakistan is to distance it from China, but to control India, it is also necessary to keep Pakistan alive and keep Kashmir an international issue. After Prime Minister Modi's visit to Russia, American Ambassador Eric Garcetti, citing the Russia-Ukraine war on the argument of India's strategic autonomy, had said that there is no such autonomy in wartime and our relations are deep, but not so deep that you can do whatever you want. This statement was less of a warning and more of a sharp reply to this. There seems to be a lack of warmth in India's relations with America at the moment. There are some indications that it also tried to influence the Indian elections. All this has increased Pakistan's confidence afresh. The ceasefire with Pakistan has become useless due to its recent actions. Pakistani rulers have been misleading their people that Kashmir is their shahrag i.e. 'jugular vein' and they will take it. Famous Pakistani journalist Akhtar Nisar had satirized the Pakistani army by saying that what kind of a city is this, without which we have been alive for seventy years. The Pakistani army is now facing challenges at the local level. After its deception is over, how will it be able to control the democratic parties of Pakistan? With the Kashmir issue no longer being controversial, who will be able to prevent Pakistan from the feared scenario of civil war, glimpses of which have already started appearing in the Pathan and Baloch regions. Now the only solution left for the Pakistani rulers is to divert the attention of the general public from the internal situation and cash in on the agenda of hostility towards India and Hindus. They have seen in Kargil that India fights wars according to the rules and regulations. It does not enter disputed and illegally occupied areas of others, even if it is Kashmir. Therefore, the results of such a limited war will not pose any existential crisis to them. Along with this, China and America will see a great possibility of diplomacy. In this way, with the cooperation of the United Nations and Muslim countries, it will be possible to bring Kashmir back to the center of international dispute. Does Pakistan have any idea of ??what India's possible military response could be to any high-level plan of infiltration? The unfortunate aspect of international power balance is that wars often seem to be the final solution to problems in the world. Peace talks cannot provide a permanent solution. In the case of Pakistan, surgical and air strikes were examples of this. Remember that every war begins as an indirect war. If our strategy-less leadership, motivated by self-praise, had used military power and diplomacy logically instead of mixing surrendering thinking in the previous wars, the Kashmir problem would have been solved long ago. The Israel-Hamas and Russia-Ukraine wars are examples of how far countries go to protect their national interests. Only after the wars reach their natural conclusion, there is a space for peace talks. It is also a big truth that only after wars do instability end and long periods of peace and development come. Now it is clear that by activating terrorism in Jammu and Kashmir, Pakistan has started a new indirect war. The question is what will be our answer? History is witness that our The Pakistanis had divided the country and bargained for freedom. They wanted to divide Kashmir and bargain for peace there too. Due to these suicidal policy constraints, we never set the goal of decisively defeating Pakistan for a permanent solution to the Kashmir problem. We lost a lot of time. Today's circumstances require that we set goals with fundamental policy changes in our approach and decide to move forward with full force on the path of national interest.

# रेलवे ट्रैक पर भरा बारिश का पानी, हटाने में जुटी रेलवे की टीम



मुरादाबाद- देर रात से लगातार हो रही बारिश के कारण मुरादाबाद रेलवे स्टेशन के रेलवे ट्रैक पर बरसात का पानी भर गया। इसकी जानकारी होते ही रेलवे प्रशासन ने ट्यूबवेल द्वारा रेलवे ट्रैक से पानी हटाने का कार्य शुरू कर दिया है। देर रात से लगातार बारिश हो रही है। बारिश से जहां एक तरफ महानगर में जल भराव की समस्या उत्पन्न हुई है तो वहीं मुरादाबाद रेलवे स्टेशन के रेलवे ट्रैक पर भी बरसात का पानी भर गया है।

रेलवे ट्रैक पर पानी भरने से ट्रेनों के संचालक पर कोई असर न पड़े, इसके लिए सुबह से ही रेलवे की टीम ट्रैक से पानी हटाने में जुट गई है। रेलवे की टीम द्वारा ट्यूबवेल लगाकर रेलवे ट्रैक से पानी हटाया जा रहा है। जिससे ट्रेनों का संचालन प्रभावित न हो।

# जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टेऊ्ट सभागार में आयोजित हुई

मुरादाबाद- -जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टेऊ्ट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जलालपुर थाना डिलारी साइन बोर्ड लगाये जाने के संबंध में एन0एच0ए0आई0 के संबंधित अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि जलालपुर थाना डिलारी ब्लैक स्पॉट पर रोड मार्किंग का कार्य निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुरुप किया गया है एवं कैट आई का कार्य भी पूर्ण करा लिया गया है। बैठक में पुराना टोल प्लाजा चन्दौसी कट थाना मैनाठेर पर डायरेक्शन बोर्ड, कैट आईज एवं डायवर्जन बोर्ड लगाये जाने के संबंध में एनएचएआई के संबंधित अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त ब्लैक स्पॉट पर निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुरुप कार्य किया जा चुका है। बैठक में अज्ञात वाहनों द्वारा की गई



सड़क दुर्घटनाओं में मृत/घायलों व्यक्तियों के आश्रितों को हिट एण्ड रन योजना के अर्न्तगत धनराशि प्रदान करने के संबंध में भी चर्चा की गई, जिस पर जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी नगर को अवशेष प्रकरणों को भी जल्द से जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए। बैठक में जनपद के विभिन्न मार्गो पर स्थित ब्लैक स्पॉटो के किए गये कार्यो के विवरण के साथ जियो टैगिंग, फोटोग्राफ उपलब्ध कराने के संबंध में एनएचएआई के संबंधित अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ब्लैक स्पाटों पर सोलर बिल्किर, गो स्लो साइन बोर्ड, ब्लैक स्पॉट साइन बोर्ड, स्पीड लिमिट साइन बोर्ड, हैजर्ड मारकर, मीडियन ओपनिंग साइन बोर्ड इत्यादि जैसे अल्पकालिक उपाये कर दिये गये हैं। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को स्कूल बस ड्राइवरों की वेरिफिकेशन कार्य को अच्छे कराए जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि स्कूली वाहनों की फिटनेस को भी निरन्तर चैक करवाते रहें एवं ई-रिक्शाओं का स्कूली वाहनों के रुप में प्रयोग होने पर पूर्णतः प्रतिबन्धित किया जाए इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न वरती जाये। इसके साथ ही बैठक में जनपद में मार्गवार दुर्घटनाओं पर भी समीक्षा की गई। बैठक में एसपी टैऊफिक, अपर जिलाधिकारी नगर, डीएसओ, एआरटीओ, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी, एक्सईएन सिंचाई, एनएचएआई, नगर निगम, विद्युत, सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# काकोरी ट्रेन एक्शन दिवस के अवसर पर 09 अगस्त को जिले में भव्य कार्यक्रम आयोजित होंगे

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- काकोरी ट्रेन एक्शन दिवस के अवसर पर 09 अगस्त को जिले में भव्य कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनकी तैयारियों को लेकर मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित यादव ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करके जरूरी दिशा निर्देश दिए। 9 अगस्त को प्रातः 10:00 बजे से शहरी क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों की प्रभात फेरियां निकाली जाएंगी। माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में काकोरी ट्रेन एक्शन विषय पर आधारित प्रतियोगिताएं आयोजित होगी। इन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया जाएगा। इसके बाद इन विजेताओं को प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होने का भी अवसर मिलेगा। शैक्षणिक संस्थानों में प्रार्थना सभा के समय काकोरी ट्रेन एक्शन एवं उनके नायकों तथा विभिन्न घटनाओं के वृतांत पढ़कर सुनाए जाएंगे। 8 अगस्त को ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में स्थित शहीद स्मारक सहित पार्क एवं अमृत सरोवरों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 9 अगस्त को शहीद स्मारकों पर जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित होंगे। शासन द्वारा जारी आदेशों के अंतर्गत उच्च शिक्षा विभाग के साथ-साथ चिकित्सा, तकनीकी शिक्षा, नगर विकास, पंचायती राज और अल्पसंख्यक विभाग सहित विभिन्न विभागों के द्वारा आयोजित होने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक के दौरान हर घर तिरंगा कार्यक्रम की तैयारी को लेकर भी अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष शासन स्तर से 10 लाख तिरंगे का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने पंचायती राज, एनआरएलएम, राजस्व विभाग, पूर्ति विभाग, बेसिक शिक्षा और कृषि विभाग सहित विभिन्न विभागों को हर घर तिरंगा कार्यक्रम की सफलता को लेकर निर्देशित किया। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए की प्रत्येक ग्राम पंचायत में हर घर तिरंगा कार्यक्रम को भव्य तरीके से मनाया जाए तथा प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराया जाए इसके लिए ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव स्थानीय स्तर पर तैयारियां पूर्ण कर लें। तिरंगा फहराने के दौरान निर्धारित प्रोटोकॉल का भी विशेष ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन श्री गुलाब चंद्र, एडीएम सिटी सुश्री ज्योति सिंह सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

# आयुष्मान भारत योजना में 136491 को मिला लाभ

मुरादाबाद- गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए प्रति परिवार 05 लाख वार्षिक आर्थिक तौर पर गारंटी है आयुष्मान भारत योजना। जिले में करीब 13.62 लाख हैं लाभार्थी। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत जिले के 136491 मरीजों को अब तक गंभीर बीमारियों से छुटकारा मिल चुका है। इन मरीजों में से 129563 मरीजों ने योजना के तहत सूचीबद्ध प्राइवेट चिकित्सालयों में और 6928 मरीजों ने राजकीय चिकित्सालयों में उपचार प्राप्त किया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कुलदीप सिंह ने बताया कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना में उनके उपचार के उपरांत करीब 191 करोड़ रुपए से अधिक धनराशि जनपद, प्रदेश एवं देश के विभिन्न आबद्ध प्रतिष्ठित चिकित्सालयों को भुगतान किया जा चुका है। सितंबर 2018 को केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत जनपद में वर्तमान में 306884 परिवारों के 1362878 लाभार्थी आच्छादित हैं। इन सभी को विभिन्न प्रकार की गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा की गारंटी मुहैया कराई गई है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आबद्ध चिकित्सालयों के लिए भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा अनेक मानक निर्धारित किए गए हैं, उन मानकों का पालन सुनिश्चित करते हुए जिले के 83 प्राइवेट चिकित्सालय योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध है अर्थात योजना के अंतर्गत आच्छादित कोई भी मरीज इन सूचीबद्ध चिकित्सालयों में जाकर अपना उपचार कर सकता है और उसके उपचार पर होने वाले व्यय का भुगतान केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा चिकित्सालय को किया जाता है।

# जनपद में संचालित विश्वविद्यालय, डिग्री कॉलेज, पॉलीटेक्निक, आईटीआई और इंजीनियरिंग संस्थाओं के निदेशक/ प्राचार्य/प्रधानाचार्य/छात्रवृत्ति नोडल ऑफीसर की बैठक आयोजित की गयी

मुरादाबाद शहर में रामगंगा विहार स्थित आरएसडी एकेडमी कालेज में शैक्षिक सत्र 2024-25 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति ( कक्षा 11-12 को छोड़कर ) योजना के अन्तर्गत मास्टर डाटाबेस तैयार करने एवं छात्रों को छात्रवृत्ति के आवेदन से वितरण हेतु समय-सारिणी के अनुसार कार्यवाही किये जाने हेतु मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित यादव की अध्यक्षता में जनपद में संचालित विश्वविद्यालय, डिग्री कॉलेज, पॉलीटेक्निक, आईटीआई और इंजीनियरिंग संस्थाओं के निदेशक/ प्राचार्य/प्रधानाचार्य/छात्रवृत्ति नोडल ऑफीसर की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपस्थित निदेशक/प्राचार्य/ प्रधानाचार्य/छात्रवृत्ति नोडल ऑफीसर 2024-25 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना काउन्सिलिंग से प्रवेश लेने वाले छात्र मेंस/ जेईई यूपी और सीयूईटी की परीक्षा छात्रवृत्ति अनुमन्य होगी एवं 75 प्रतिशत को छात्रवृति प्रदान की जाएगी। पत्रों को रिसीव करते हुए नियमावली के पर ही सत्यापन के उपरांत आवेदन में संस्था या विश्वविद्यालय अपने स्तर पर फर्जी छात्रों अथवा फर्जी अभिलेखों पर किसी भी दशा में संस्था/विश्वविद्यालय अधिक छात्रों के आवेदन अग्रसारित न छात्र-छात्राओं द्वारा प्राथमिकता के आधार खोला जाय, यदि छात्रों द्वारा अन्य बैंक आधार से सीडिंग एवं एनपीसीआई से छात्राओं के आवेदन भी बायोमेट्रिक संस्था स्तर से अग्रसारित होंगे। संस्था स्तर संस्थाओं पर निर्धारित समय- सारिणी



को जानकारी दी गई कि वित्तीय वर्ष के अन्तर्गत एकेटीयू/बीटीई के नॉन छात्रवृत्ति हेतु आवेदन न करें, बल्कि जेईई में सम्मिलित होकर आवेदन करने पर या उससे अधिक उपस्थिति वाले छात्रों ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त सभी आवेदन तहत गहन परीक्षण करके डाटा सही होने अग्रसारित किया जाय, किसी भी दशा आवेदन को पेंडिंग न रखें और गलत या आधारित डाटा अग्रसारित न किया जाए। स्तर से स्वीकृत सीटों की संख्या से किया जाए साथ ही यह भी बताया कि पर इंडिया पोस्टल पेमेंट बैंक में खाता में खाता खोला जाता है तो खाते को लिंक अवश्य करवाई जाय तथा छात्र आधार ऑथेन्टिकेशन के उपरांत ही पर मास्टर डाटा तैयार करने तथा शिक्षण के अनुसार कार्यवाही करने के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से प्रोजेक्टर पर पीपीटी के माध्यम से विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निदेशक,प्राचार्य, प्रधानाचार्य, छात्रवृत्ति नोडल ऑफीसर को शिक्षण संस्थाओं को प्रवेश से अधिक आवेदन पत्र अग्रसारित न करने एवं शिक्षण संस्था में अध्ययनरत छात्रों की उपस्थिति प्रतिशत बढ़ाने तथा समय-समय पर अभिभावकों की बैठक कराकर छात्रों की समस्या के सम्बन्ध में अभिभावकों को अवगत कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में भारत सरकार द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत व्यापक चर्चा करते हुए भारत सरकार द्वारा इस दिशा में किए जा रहे कार्यो के बारे में संस्थाओं को जानकारी दी गई। संस्थाओं में नशे के विरूद्ध 05 सदस्यीय पूर्व गठित क्लब के द्वारा शिक्षण संस्थाओं के 100 मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार की नशीली वस्तु के विक्रय पर रोक लगाने के सम्बंध में शिक्षण संस्थाओं को नशा मुक्त रखने के निर्देश दिए गए। अभियान के अन्तर्गत नशा विरोधी शपथ भी दिलाई गई। बैठक में श्री शैलेन्द्र कुमार गौतम, उपनिदेशक, समाज कल्याण /जिला समाज कल्याण अधिकारी, श्री विजय कुमार यादव, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी एवं शिक्षा विभाग और कल्याण सेक्टर के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### शरारती तत्वों ने मंदिर में शिवलिंग को किया खंडित, श्रद्धालुओं ने मचाया हंगामा, जांच में जुटी पुलिस

मुरादाबाद - गांव हकीमपुर के शिव मंदिर में मंगलवार? को शरारती तत्वों ने शिवलिंग को तोड़ दिया। जब श्रद्धालु मंदिर में पहुंचे तो खंडित शिवलिंग को देखकर उन्होंने हंगामा किया। गांव के ही अनुज बिश्नोई ने डायल नंबर 112 पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन हंगामा बढ़ता देख पाकबड़ा थाना पुलिस को भी मौके पर बुलाया गया। गांव के ही रामराज सिंह का कहना है किसी शरारती व्यक्ति ने शिवलिंग को तोड़ा है। इससे हिंदूओं की भावना को ठेस पहुंचाई गई है। फतेहपुर बिश्नोई पुलिस चौकी इंचार्ज ने लोगों को आरोपी पर कार्रवाई करने का आश्वासन किया। इस पर लोग शांत हो गए। लोगों ने खंडित हुए शिवलिंग को शीघ्र स्थापित करने को कहा है। इस मौके पर शुभम, अंकित, गगन, प्रेमराज सिंह, बाबूराम, लवी, राकेश, सोहन आदि मौजूद रहे।

### बांग्लादेश में पढ़ने वाले मुरादाबाद के छात्र बेचैन, बिगड़े हालातों के बाद पढ़ाई ठप, वीजा भी हो गए एक्सपायर

बांग्लादेश स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। इसकी चपेट में भारतीय छात्र भी हैं। मुरादाबाद के रहने वाले एमबीबीएस छात्रों का कहना है कि हिंसा के बाद से उनकी पढ़ाई ठप है। अब उन्हें कॉलेज से किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं मिल पा रही है। इससे उनका भविष्य अंधकार में हैं। बांग्लादेश में हिंसक प्रदर्शन के चलते बिगड़े हालात के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना के देश छोड़ने से वहां एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे जिले के छात्र-छात्राएं भी बेचैन हैं। युवाओं का कहना है कि उनकी एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी तरह ठप है। भविष्य को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है। वीजा भी एक्सपायर हो गए हैं। बांग्लादेश में हालात बिगड़ने के बाद कई दिनों पहले ही वहां पढ़ने वाले जिले के 10 छात्र-छात्राएं वापस लौट आए थे। अब वहां के हालात और बिगड़ चुके हैं। इससे छात्र बेहद चिंतित हैं। छात्र-छात्राओं ने कहा कि जब वापस आए थे तो उम्मीद थी कि जल्द ही वापस लौट जाएंगे।अतिरिक्त कक्षाओं से पढ़ाई पूरी कर लेंगे, लेकिन अब हालात काफी बिगड़ गए हैं। भविष्य में क्या होगा, वापसी कब तक होगी, इसको लेकर कुछ नहीं कहा जा सकता। वहां इंटरनेट बंद होने से साथियों से भी संपर्क नहीं हो पा रहा है। छात्रों के अभिभावक भी परेशान हैं। आधा किलोमीटर दूर हुआ था उपद्रव- बांग्लादेश में शेख हसीना विश्वविद्यालय खुरना के गाजी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के छात्र हरथला निवासी साहिल ने बताया कि उनके छात्रावास से सिर्फ आधा किलोमीटर दूर ही उपद्रव हुआ था। इसकी हमें जानकारी हो गई थी। पश्चिम बंगाल के मेरे दोस्तों ने भी मुझे हिदायत दी थी कि मैं छात्रावास में ही रहूं। हमने भारतीय दूतावास में फोन कर मामले की जानकारी दी थी। तीन-चार दिन लगातार बात होती रही। दूतावास ने कॉलेज को सुरक्षित भारत भेजने के निर्देश दिए। चार बसों के साथ पुलिस की दो गाड़िया थीं। हमें सुरक्षित पश्चिम बंगाल तक भेजा। 25 जुलाई को हम लौटे थे। अभी पढ़ाई पूरी तरह ठप है। वीजा भी नहीं बन पा रहा है। भविष्य की हो रही चिंता- अगवानपुर निवासी आंचल सैनी ने बताया कि वह एमबीबीएस दूसरे वर्ष की छात्रा हैं। उपद्रव होने के बाद से ही छात्रावास में रह रही थी। इंटरनेट बंद हो गया था। इसके कारण घर पर बात नहीं हो पाती थी। जिस तरह से खबरें आती थीं, तो डर लगता था। बड़ी मुश्किल से वापस घर लौटी हूं। वीजा एक्सपायर हो गया है। अभी आवेदन किया है। पढ़ाई भी ऑनलाइन नहीं हो पा रही है। इसकी वजह से काफी तनाव रहता है। हमारी परीक्षाएं चल रही थीं, वह स्थगित हो गईं। वहां की अभी परिस्थिति ठीक नहीं है। स्थानीय छात्रों से बात नहीं हो पा रही है। अब कुछ दिन बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी कि पढ़ाई कब तक शुरू हो पाएगी। कॉलेज से नहीं हो पा रहा संपर्क- डिलारी निवासी मोहम्मद मोहसिन ने बताया कि वह शेख हसीना मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस तीसरे वर्ष के छात्र हैं। उन्होंने बताया कि मुरादाबाद के करीब 10 विद्यार्थी एक साथ ही लौटे थे। मोहसिन ने कहा कि मेरा वीजा एक्सपायर हो गया है। मैं बांग्लोदश से अपनी किताबें नहीं ला पाया था। पता नहीं था कि ऐसे हालत हो जाएंगे। एक दोस्त से बात की थी। उसने बताया कि अभी एक महीना कॉलेज बंद रहेगा। हालांकि, कॉलेज से कोई मैसेज नहीं आया है। ऑनलाइन पढ़ाई भी बंद है। बांग्लादेश के हालात सामान्य होने के बाद ही वापसी हो सकेगी।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## भाजपा किसान मोर्चा के ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने वार्ड नंबर 5 वार्ड नंबर 36 का दौरा किया

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ भाजपा किसान मोर्चा के कद्दावर नेता पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा शक्ति केंद्र प्रभारी सिधौली ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने धनीपुर वार्ड नंबर 36 व सिंधौली वार्ड नंबर 5 का दौरा किया क्षेत्र की



जनता ने बताया है कि धनीपुर सिधौली में सरकारी हेड पंप ठीक कराई या समरसेबल नलकूप लगाए जाएं ऐसी भीषण गर्मी में लोगों को पानी की अति आवश्यक है लोगों के सामने दिक्कत है पैदा हो रही है इस संबंध में बहुत पहले नल ठीक करने के लिए नगर निगम के अधिकारियों को पत्र दिए जा चुके हैं पानी की समस्या का अति शीघ्र समाधान हो भाजपा किसान मोर्चा के कद्दावर नेता ठाकुर राकेश कुमार सिंह यह अभी कहां है कि नगर निगम में नलकूप विभाग के अधिकारी जनता की समस्या का समाधान नहीं कर रहे हैं क्षेत्र से जनता की पानी की सबसे गंभीर समस्याएं इसकी शिकायत क्षेत्र की जनता से बराबर मिल रही उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी का सख्त आदेश है भीषण गर्मी में पानी की सुविधा उपलब्ध कराई जाए उसे आदेश का नगर निगम के अधिकारियों को पालन करना चाहिए वार्ड नंबर 36 वार्ड नंबर 5 में पानी की भारी किल्लत है सिधौली वह धनीपुर में अति शीघ्र पानी की व्यवस्था की जाए जो नल खराब पड़े उनको तत्काल ठीक किया जाए गर्मी की कैसी कंडीशन है नगर निगम के अधिकारियों को जानकारी होनी चाहिए अधिकारी एसी रूम से बाहर निकले जनता की समस्याएं देखें उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी के आदेश का पालन करें सीधी शिकायत समस्या से संबंधित मुख्यमंत्री जी से ही होगी पूरे उत्तर प्रदेश में गर्मी का क्या हाल है नगर निगम के अधिकारी भली भांति जानते हैं पानी की किल्लत पर माननीय मुख्यमंत्री जी के आदेश का पालन हो

## संकुल केंद्र उमझर में आयोजित हुआ संकुल स्तरीय मेगा पालक शिक्षक सम्मेलन

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर जिले के क्षेत्र चांदनी बिहारपुर शासन के निर्देशानुसार उमझर संकुल में मेगा शिक्षक पालक सम्मेलन आयोजित किया गया कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत



उमझर सरपंच अमरसिंह ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर श्रीफल अर्पित कर आज के कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया जिसमें संकुल क्षेत्र के सभी शालाओ के पालक,शाला प्रबन्ध समिति के सदस्य,जनप्रतिनिधि तथा शिक्षकगण सम्मिलित होकर निर्धारित 12 विन्दुओं पर चर्चा करते हुए अपने विद्यालयों को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने हेतु मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अमर सिंह ( सरपंच ग्राम पंचायत उमझर ) विशिष्ट अतिथि राम नारायण सिंह ( सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत रामगढ़ ) एसएमसी अध्यक्ष जानसाय रामायण सिंह, वन समिति अध्यक्ष नरपति सिंह पंच गीताकुंवर देवमतिया देवांगन श्री बालसिंह मुस्कान सिंह महेंद्र सिंह वाकरे संकुल शैक्षिक समन्वयक संस्था प्रभारी दीपक कुमार पैकरा देवनारायण सिंह रामचरण यादव डीएन सिंह नेताम जवाहिर लाल वैश्य, नंदलाल राठिया, प्रेम राम जयंत कुमार ध्रुव सत्यानंद पण्डो को ष्ट।ह्र उपस्वास्थ्य केंद्र उमझर सुश्री प्रेमलता तथा ग्राम उमझर रामगढ़ रसौंकी जुड़वनिया के पालक शिक्षाविद् एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

## संगठन से जुड़े प्रदेश मंत्री राम कुमार वर्मा कुँवरपुरा के यहाँ पर दिवगंत माता पिता के चित्र पर श्रंधाजलि दी

क्यूँ न लिखूँ सच-राजेंद्र विश्वकर्मा

कोंच( जालौन ) ा अखिल भारतीय युवा कोली / कोरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ई खेम चन्द्र कोली जिले के कोंच तहसील के ग्राम कुँवर पुरा मे संगठन के प्रदेश मंत्री राम कुमार बर्मा के माता पिता की बीते दिनों करेंट



लगने से हुई मृत्यु पर होने वाली त्रयोदशी कार्यक्रम मे शामिल होने के लिये नई दिल्ली से कार द्वारा आये के लिये और उन्होंने गाँव पहुंच कर प्रदेश संगठन के मंत्री राम कुमार वर्मा से मिल कर उनके दिवंगत माता पिता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो आत्माओ को श्रधाजंलि अर्पित कर शोक संवेदनाएं व्यक्त की और दुखी परिवार को सांत्वना देकर आश्वस्त किया की वह हर समय आपके साथ खड़े है जब भी मेरी कोई जरूरत पड़े वह सदेव तेयार रहेगे इस अवसर पर सम्पादक राजेंद्र प्रसाद वर्मा राम कुमार वर्मा शिवकुमार वर्मा कन्हैया वर्मा देश राज वर्मा गंगाराम राम बाबू करन सिंह भारत सिंह पर्वत सिंह किशोर कृष्ण कुमार दिनेश रज्जन राम प्रकाश राम शंकर अजेश बाबुराम दिलीप बीरेंद्र कमलेश छोटू सहित कई समाज के लोग मौजूद रहे

## चहल्लुम व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर पीस कमेटी की बैठक, अधिकारियों ने की समस्याओं पर चर्चा

क्यूँ न लिखूँ सच-पवन कुमार

कोंच( जालौन ) आज बुधवार को कोतवाली परिसर मे पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता सीओ कोंच अर्चना सिंह ने की कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय



ने की बैठक मे आने वाले त्योहारो को लेकर चर्चा की गई और आये हुए लोगो ने चेहल्लुम पर्व को लेकर व्यवस्थाये ठीक कराये जाने को लेकर अपने अपने विचार रखे इस अवसर पर सीओ कोंच कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय ने कहा की त्योहारो की लोग अच्छी सोहार्द पूर्ण वातावरण मे मनाये और कही कोई समस्या है तो प्रशासन को जरूर अवगत कराये इस अवसर पर रमजान बाबू जी अनबार खलीफा मोहम्मद हनीफ सईद अहमद मंसूरी आदि लोग मौजूद रहे मौसम खराब होने के कारण इस पीस कमेटी की बैठक मे काफी कम लोग आ सके इस बैठक मे एस एस आई अभिलाश कुमार मिश्रा दरोगा प्रवीन कुमार दरोगा मनीष तिवारी दरोगा अजिद खान दरोगा अनुराग राजन सहित कई पुलिस कर्मी मौजूद रहे

## महुली में हुआ संकुल स्तरीय पालक-शिक्षक मेगा सम्मेलन का आयोजन, बच्चों की दैनिक गतिविधियों को पालकों ने विस्तार से जाना

क्यूँ न लिखूँ सच

बिहारपुर- जिले के ओड़गी विकास खंड अन्तर्गत संकुल केन्द्र महुली में मंगलवार को पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने, उन्हें बच्चों की प्रगति से अवगत कराने तथा बच्चों में भविष्य की



